NATIONAL TESTING SERVICE-INDIA

Multipurpose Indian Language Evaluation System

# राष्ट्रीय परीक्षण सेवा-भारत

## बहुउद्देश्यीय भारतीय भाषा मूल्यांकन प्रणाली

# प्रयोक्ता हेतु नियमावली
# प्रश्नपद निवेश
# (हिंदी भाषा)


## राष्ट्रीय परीक्षण सेवा-भारत

(उच्चतर शिक्षा विभाग, शिक्षा मंत्रालय, भारत सरकार की एक केंद्रीय परियोजना)

मुख्यालय : भाभासं, मानसगंगोत्री, मैसूरु– 570006

# भूमिका

**प्रश्न पत्राधार पत्रकों (आइटम फाइल कार्ड) के बारे में**

**यह प्रश्नपद बनाने के लिए है।** यह पत्रक एक विशेष आकार (A4) में बनाया गया है जिसमें 10 बिंदु हैं जिनमें किसी प्रश्न के तमाम तकनीकी पक्षों की प्रविष्टि की जाती है। जैसे—1) प्रश्न की प्रयोजनीयता संबंधी विवरण, 2) परीक्षार्थी हेतु निद्रेश, 3) प्रश्न/पद स्कंध (उत्तर कुंजी/संकेत सहित), 4) अंकन की पद्धति 5) विषयवस्तु / निवेश (सहा. अवयव) 6) उद्देश्य (निर्देशनात्मक, शैक्षणिक, सामाजिक) 7) प्रश्नपद प्रकार/प्रयुक्त प्रारूप 8) प्रस्तुति का मोड एवं माध्यम 9) शैक्षणिक स्तर 10) तर्काधार

ये किसी प्रश्नपद के 10 प्राचलों (क्राइटेरिया) के रूप में जाने जाते हैं।

**इस अप्लीकेशन के अनुप्रयोग के बारे में –**

इस वेब अप्लीकेशन का प्रयोजन, ऑनलाइन पोर्टल के माध्यम से प्रश्नों के निवेश (इनपुट) में प्रयोगकर्ता की सहायता करना है।

निवेश किये गये प्रश्न माइल्स के तथ्याधार (डेटाबेस) में अपने आप ही संगृहीत हो जाते हैं।

**प्रणाली संबंधी आवश्यकताएँ—**

- न्यूनतम स्पेसीफिकेशन (2 जीबी रैम, विंडो XP, 7 या ऊपर ओएस से युक्त कोर 2 डीओ संस्कारक (प्रोसेसर) वाला डेस्कटॉप या लैपटॉप|
- यूनीकोड संबलित डेस्कटॉप/लैपटाप जिसमें गूगल क्रोम, मोज़िला फ़यार फ़ॉक्स, इंटरनेट एक्सप्लोरर वगैरह जैसे चारक (बाउज़र) लगे हों। इन चारकों के नवीनतम् संस्करणों के प्रयोग की अनुशंसा की जाती है।
- अपनी प्रणाली में यूनीकोड को सक्षम बनाने के लिए लिंक https://www.youtube.com/watch?v=9P6esQrp8HM पर क्लिक करके यह चलचित्र देखें।

- **हमारी वेब आधारित प्रश्न-पद इनपुटिंग प्रणाली केवल यूनिकोड को समर्थित करता है। हमलोग "एरियल यूनीकोड एमएस" या "मंगल" फॉन्ट प्रयोग करने की सलाह देते हैं। आप यह सुनिश्चित कर ले कि आपके ऑपरेटिंग सिस्टम में यह फॉन्ट उपलब्ध हो।**

## लॉग इन पटल

**चरण 1:** किसी भी चारक (ब्राउसर) को खोलें।

**चरण 2:** ब्राउसर के एड्रेस बार में www.ciil-ntsindia.net/Hindi इस लिंक को भरें।




**चरण 3:** भाषा के रूप में **हिंदी** का चयन करें।

**चरण 4:** प्रयोक्ता अभिधान (यूजर नेम) के रूप में अपनी ई-मेल आईडी भरें।


**चरण 5:** कूटपद (पासवर्ड) डालें

**चरण 6:** प्रश्नपद लेखक (आइटम राइटर) के रूप में अपनी भूमिका का चयन करें।

**चरण 7:** लॉगइन पर क्लिक करें।

### आइटम फाइल कार्ड के प्राचल--


### 1. सासंसं कूटांक एवं पक्ष




**चरण 8:** अपने प्रश्नपद से संबंधित पक्ष (आस्पेक्ट) या भाषा/साहित्य/व्यक्तित्व से पक्ष की (आस्पेक्ट) संख्या का चयन करें।

**चरण 9:** अगले बटन(Next) पर क्लिक करें।

**2. आयाम संबंधी समस्याएँ--**




**चरण 10:** आयाम (डायमेंशन) संबंधी समस्या का चयन करें और अगले बटन पर क्लिक करें।

ड्रापडाउन मेनू में भाषा/साहित्य/व्यक्तित्व के हर चयनित पक्ष से संबंधित आयामी समस्याओं (डायमेंशनल प्राब्लम) की सूची स्वयमेव ही परिलक्षित हो जाएगी।


**3. प्रयोजन का विवरण एवं अनुदेश—(एडमिनिसटरिंग डीटेल्स एंड इन्स्ट्रक्शन)**




**चरण 11:** प्रयोजन संबंधी विवरण भरें।


**चरण 12:** परीक्षार्थियों के लिए अनुदेश भरें। फिर नेक्स्ट बटन पर क्लिक करें।

**4. प्रश्नपद (क्वेश्चन आइटम)**





**चरण 13:** प्रश्न-पद से संबंधित निम्नलिखित विवरण भरें--

1. आइटम फॉर्मेट का चयन करें
2. दिये गये टेक्स्ट बॉक्स में प्रश्न को भरें।
3. यदि कोई ऑप्शन है तो उसे भरें।
4. आन्सर की (उत्तर कुंजी) भरें--
5. मार्क्स भरे (सिर्फ अंकों में)
6. टाइम भरें मिनटों में (सिर्फ अंकों में)
7. स्कोरिंग प्रोसेड्योर का चयन करें।




8. जिस सब कोंपोनेंट का आपने चयन किया है वह दिखेगा।
9. क्वेशचन राइटर्स इन्टेंशन को भरें।
10. नेक्स्ट बटन पर क्लिक करें।

**5. प्रश्न-पद का प्रारूप (आइटम फॉरमेट)**





**चरण 14**: निम्नलिखित स्क्रीन में विवरण भरें।

1. मोड ऑफ प्रेजेंटेशन का चयन करें। (इस मामले में 'रिटेन' का चयन करें।
2. एजुकेशनल लेवेल का चयन करें।
3. रेशनल को इंटर करें
4. सिस्टम के द्वारा च्वाइस इंडेक्स अपने आप दिखाया जाएगा।
5. सिस्टम के द्वारा फिजीविलीटी वैल्यू अपने आप दिखाया जाएगा।
6. सिस्टम के द्वारा डिस्क्रीमीनेशन वैल्यू अपने आप दिखाया जाएगा।
7. सिस्टम के द्वारा मीन एबीलीटी इन्डेक्स अपने आप दिखाया जाएगा।
8. प्री वैलिडेशन का लेवेल अपने आप दिखाया जाएगा।
9. सबमिट बटन पर क्लिक करें।

क्वेश्चन आइटम सफलतापूर्वक एड हो जाएगा।

**चरण 15:** प्रयोगकर्त्ता वेलकम (यूजरनेम) बटन को क्लिक करके अपना प्रोफाइल देख सकते हैं।




**चरण 16:** व्यू फाइल पर क्लिक करें।




किये गये कार्य का ओवरव्यू प्रदर्शित हो जाएगी।

चरण 17: प्रश्नपदों की इनपुटिंग संपन्न हो जाने के बाद साइन आउट बटन पर क्लिक करें। लॉगिंग आउट

